# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–01.04.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राज्यभर में धूमधाम से मनाया जा रहा राजकीय प्रकृति पर्व सरहुल, रांची में आयोजित शोभायात्रा में आदिवासी परंपरा और संस्कृति की दिखी झलक।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की सरहुल पर दो दिनों के सरकारी अवकाश की घोषणा, कहा– 25 वर्षों को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है सरकार।**
3. **देश में वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर हुई छह, केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा– 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**
4. **गिरिडीह जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों के शव बरामद, कोडरमा में यज्ञ के लिए भिक्षा मांगने निकली महिलाओं पर पथराव, जांच में जुटी पुलिस। और,**
5. **53वीं सीनियर नेशनल हैंडबॉल चौंपियनशिप के लिए गोड्डा की कुमारी दीपिका का चयन, उत्तर प्रदेश के हाथरस में पांच अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगी प्रदर्शन।**

******************

पूरे राज्य में राजकीय प्रकृति पर्व सरहूल धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी रांची में सरहूल की भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसमें विभिन्न आदिवासी समाज और अन्य संगठनों के लोग हजारों लोग शामिल हो रहे हैं। शोभायात्रा में आदिवासी संस्कृति और परंपरा की खास झलक देखने को मिल रही है।

इस बीच मुख्यमंत्री श्री सोरेन प्रकृति पर्व सरहुल के पावन अवसर पर रांची के सिरमटोली स्थित सरना स्थल और करमटोली स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में आयोजित पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने यहां पारंपरिक विधि –विधान से पूजा– अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश देते हुए कहा कि झारखंड के बेहतर भविष्य के लिए आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना है।

******************

उधर, लोहरदगा जिले में आयोजित सरहुल महोत्सव में जनजातीय कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, सांसद सुखदेव भगत, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव समेत कई आदिवासी नेता शामिल हुए। इस दौरान श्री लिंडा ने सरहुल के महत्व की जानकारी दी।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरहुल पर्व पर झारखंड में दो दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित किया है। श्री सोरेन ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। श्री सोरेन ने लिखा है कि पिछले कई वर्षों से सरहुल के अवसर पर दो दिन के राजकीय अवकाश की मांग उठ रही थी। आदिवासी समाज के इस महा पर्व के महत्व को देखते हुए इस वर्ष से दो दिन का राजकीय अवकाश घोषित किया जाता है।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई आज दिल्ली में राष्ट्रपति भवन जाकर प्राकृतिक पर्व सरहुल के पावन अवसर पर राष्ट्रपति  द्रौपदी मुर्मू को सरहुल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रांची के समस्त सरनावासियों को भी इस पर्व की बधाई दी है।

******************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि देश में वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर छह हो गई है। गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ दृष्टिकोण के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। श्री शाह ने कहा कि भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

******************

लोकआस्था का चार दिवसीय महापर्व नहाय खाय के साथ आज शुरू हो गया है। इस बीच नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह में नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर के अरगाघाट छठ घाट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

******************

लोकसभा में कल वक्फ संशोधन विधेयक पारित करे के लिए पेश किया जायेगा। इस पर सदन में चर्चा होगी। इसे लेकर भाजपा ने सभी लोकसभा सांसदों को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

******************

मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में 1 से 4 मई तक होने वाले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट– वेव्स के हिस्से के रूप में लॉन्च किए गए क्रिएट इन इंडिया चौलेंज सीजन–1 ने 1,100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित 85,000 पंजीकरणों को पार करने की एक नई उपलब्धि हासिल की है। अब इनमें से 750 फाइनलिस्ट चयनित किये जायेंगे, जो 32 स्पर्द्धाओं में हिस्सा लेंगे।

******************

गिरिडीह जिले के तिसरी के लोकाई थाना क्षेत्र के बर्दानी गांव में पुलिस ने एक ही परिवार के तीन लोगों  के शव बरामद किये हैं। इनमें मां , उनकी आठ वर्षीया पुत्री और चार वर्षीय पुत्र शामिल हैं। खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मां और बेटे के शव पेड़ से झुलते मिले हैं जबकि बेटी का शव तालाब से बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच को लेकर फोरेंसिक की टीम को बुलाया गया है।

******************

कोडरमा जिले के छतरबर गांव में यज्ञ के लिए भिक्षा मांगने निकली महिलाओं पर पत्थरबाजी की गई है। इस पत्थरबाजी के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। हांलाकि एहतियातन इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है। पुलिस पूरे गांव में सर्च अभियान चला रही है। ड्रोन कैमरे से सभी घरों के ऊपर निगरानी की जा रही है। अभी स्थिति नियंत्रण में है।

**<u>******************</u>**

त्योहारों और स्कूलों में होने वाली गर्मी की छुट्टी को लेकर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रांची से दिल्ली के लिए दो स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया गया है। ट्रेन संख्या 02817 रांची–नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन दो अप्रैल को रांची से दोपहर दो बजे खुलेगी खुलेगी। दूसरी स्पेशल ट्रेन संख्या 02818 नई दिल्ली दृरांची, नई दिल्ली से तीन अप्रैल को खुलेगी।

**<u>******************</u>**

राज्य में मौसम में फिर परिवर्तन होने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल से चार अप्रैल तक राज्य के कई इलाकों में गर्जन, तेज हवा और वज्रपात की संभावना है। केंद्र ने इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

**<u>******************</u>**

गोड्डा जिले के महागमा की रहने वाली कुमारी दीपिका 53 वीं सीनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित की गयी हैं। यह प्रतियोगिता कल से उत्तर प्रदेश के हाथरस में शुरु हो गयी है, जो पांच अप्रैल तक चलेगी। कुछ दिन पहले देवघर में आयोजित स्टेट चौंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर दीपिका का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

**<u>**************</u>**